दिन–शनिवार दिनांक– 29/08/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. नेपाल त्रासदी के बीच काठमांडू में फंसे महाराष्ट्र के तीर्थ यात्रियों को बिहार सरकार की मदद से रेस्क्यू कर उन्हें गृह प्रदेश रवाना किया गया।

02 माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अब पंद्रह सितम्बर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार करेंगे साझा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

——————————————————————————

नेपाल–तिब्बत सीमा पर एक और झील के टूटने की आशंका के मद्देनजर राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

——रिपोर्ट——

गंडक नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने वाल्मीकिनगर गंडक बराज और सारण तटबंध सहित सभी महत्वपूर्ण तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और गंडक नदी के डिस्चार्ज की जानकारी ली जा रही है। संभावित संकट की स्थिति के मद्देनजर वाल्मीकिनगर गंडक बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं। ताजा जानकारी के अनुसार शाम चार बजे बराज से निन्यानवे हजार आठ सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया। आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने आज सुबह पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया प्रखंड में गंडक नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए पश्चिम चंपारण, बेतिया से आशीष कुमार।

——————————————————————————

नेपाल में आई बाढ़ के दौरान काठमांडू में फंसे महाराष्ट्र के सौ तीर्थ यात्रियों का सकुशल रेस्क्यू कराकर उनके गृह प्रदेश रवाना कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज रेलवे के सहयोग से पटना–पुणे एक्सप्रेस ट्रेन में अतिरिक्त डब्बों की व्यवस्था कर इन्हें रवाना कर दिया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर आपदा प्रबंधन विभाग के

साथ समन्वय कर सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने अट्‌ठाईस अगस्त को इन तीर्थ यात्रियों को प्रभावित क्षेत्र से सकुशल बाहर निकाला था।

---

नेपाल में विनाशकारी बाढ़ में मृतकों की संख्या छह सौ छब्बीस हो गई है, जबकि दो हजार से अधिक लोग अब भी लापता हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है। बचाए गए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। इस बीच, भारत ने बाढ़ प्रभावित नेपाल को मानवीय सहायता तेज कर दी है। मानवीय सहायता सामग्री के साथ तीसरा विमान कल शाम काठमांडू पहुंचा। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि तीन सौ बीस भारतीय नागरिकों से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में मीडिया से बातीचत में कहा कि भारतीय मूल के करीब सौ अन्य लोगों से भी संपर्क नहीं हो पाया है।

---

नेपाल में बाढ़ त्रासदी के कारण राज्य के सीमावर्ती जिलों के कई विद्यालयों में पठन–पाठन का कार्य प्रभावित हुआ है। कई विद्यालयों में पानी भर गया है, जबकि कई का सड़क संपर्क टूट गया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए जल्द निर्णय लिया जाएगा।

––साउंड बाइट––

---

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया जिले के मोहरा और अतरी में सबसे अधिक एक सौ अड़तीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने आज बांका, भागलपुर, गया, कटिहार और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

––साउंड बाइट––

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा–दो हजार छब्बीस के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पंद्रह सितम्बर कर दी है। पहले यह इकतीस अगस्त निर्धारित थी। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दलितों के साथ भेदभाव और अनुचित व्यवहार के आरोप को एनडीए नेताओं ने खारिज किया है। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कांग्रेस के समय में भी दलितों का अपमान हुआ है।

——साउंड बाइट—— .

लोजपा–रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी राहुल गांधी के बयान की आलोचना की है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व रेलमंत्री लालू यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला टल गया है। इस मामले में आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष लालू यादव की वर्चुअल माध्यम से पेशी हुयी। अदालत ने दलीलों और दस्तावेजों पर सुनवाई पूरी कर ली है। अदालत अपना फैसला तीस सितम्बर को सुनाएगा।

———————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए सरकार कई गंभीर प्रयास कर रही है। कटिहार में शिक्षा विभाग से जुड़ी समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि बच्चों में नकारात्मक भाव नहीं आये, इसके लिए उनके प्रमाण पत्रों में फेल की जगह इल्लिजीबल फॉर स्किल लिखा जाएगा।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————————

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। यह दिवस हर वर्ष उनतीस अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

——साउंड बाइट——

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तीन प्रमुख स्तंभ है ट्रिब्यूट, प्ले एंड मूव। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस "एक घंटा खेल के मैदान में" के आह्वान के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा  है। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों से स्वस्थ और फिट रहने के लिए हर सप्ताह कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताने का आह्वान किया।

आज नेशल्स स्पोर्ट्स डे के अवसर पर सारे देश में फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए एक घंटे खेल के मैदान में कार्यक्रम दिया है। मुझे खुशी है मोदी जी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। देश आगे बढ रहा है। नए भारत का निर्माण हो रहा है।

श्री मेघवाल ने कहा कि खेलो इंडिया, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन जैसी पहले देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही हैं और खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद कर रही हैं। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय हॉकी की श्रेष्ठतम प्रतिभा के रूप में मेजर ध्यानचंद आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने सभी खेल प्रेमियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका समर्पण, जुनून और दृढ़ संकल्प देश को गौरवान्वित करता है।

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लोक सेवक आवास पर आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पैरा खिलाड़ी सोमन राणा और झंडू कुमार को सम्मानित किया। सोमन राणा को तीस लाख और झंडू कुमार को पंद्रह लाख रुपये ईनामी राशि का चेक दिया गया। सोमन राणा ने राष्ट्रमंडल खेल में शॉट पुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक और झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था।

———————————————————————

बिहार गीत के रचियता और प्रख्यात कवि सत्यनारायण का आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ पटना के बांसघाट पर अंतिम संस्कार किया गया। बिहार पुलिस की महिला बटालियन के सदस्यों ने दिवंगत कवि को सशस्त्र सलामी दी। उनके पुत्र संदीप स्नेह ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर विधान पार्षद संजय मयूख, पूर्व मंत्री श्याम रजक, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने बिहार गीत के रचियता और हिन्दी प्रगति समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में श्री कुमार ने कहा कि उनकी रचनाओं में आम लोगों की आवाज, सामाजिक सरोकार और जन–चेतना दिखाई देती है। उन्होंने बिहार गीत के माध्यम से प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को अमर कर दिया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सवनहीं गांव में जहरीली गैस के कारण चार लोगों की मौत हो गयी। शौचालय की टंकी का सेंट्रिंग खोलने के दौरान कई मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गयी।

———————————————————————

मंत्रिमंडल सचिवालय के उर्दू निदेशालय के तत्तवधान में आज से राजधानी पटना स्थित कृष्णा मेमोरियल हॉल में दो दिवसीय जश्न–ए–उर्दू का आयोजन शुरू हो गया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्प संख्यक कल्याण विभाग के मंत्री ज़मा खान, एमएलसी खालिद अनवर समेत अन्य गणमान्य लोगों ने इसका शुभारंभ

किया। उपस्थित हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है।

उर्दू परामर्शदातृ समिति के सदस्य डॉक्टर फिरोज मंसूरी ने कहा है कि उर्दू को आधुनिक तकनीक आधारित डिजिटल पुस्तकालय और अनुवाद की सुविधाओं से जोड़कर रोजगार परख भाषा बनाने की दिशा में ठोस पहल करने की मांग की है।

———————————————————

गोपालगंज जिले के भितभेरवा में जीविका सुधा बिक्री केंद्र का जिलाधिकारी समीर सौरभ ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बिहार सरकार की पहल को आगे बढ़ाते हुए जीविका सुधा केंद्र की शुरूआत की।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. नेपाल त्रासदी के बीच काठमांडू में फंसे महाराष्ट्र के तीर्थ यात्रियों को बिहार सरकार की मदद से रेस्क्यू कर उन्हें गृह प्रदेश रवाना किया गया।

02 माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अब पंद्रह सितम्बर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार करेंगे साझा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, बेगूसराय, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और रोहतास जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।